श्री उपसभापति : बहस एक बार पहले हो चुकी है। (**व्यवधान**) आप ने नोटिस दिया है, आप को इत्तिला कर देंगे विचार कर के ।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : इस सवाल पर बहस से सरकार क्यों हिचकिचा रही है ?

श्री उपसभापति : बहस होगी तब पता चलेगा वह क्या कहते है, आप क्या कहते हैं । आप ने नोटस दिया है . . .

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : प्रक्रिया के अन्दर जितने नियम है उन सब नियमों के तहत हमने नोटिस दिये है । . . . (**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर सिंह : बेरोजगारी के सवाल पर क्यों विचार नहीं किया जाता ?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Do not record Mr. Rameshwar Singh. *{Interruptions)*

SHRI RAMESHWAR SINGH:*

REFERENCE TO THE ALLEGED PRESS STATEMENT BY A JUDGE OF CALCUTTA HIGH COURT AGAINST WEST BENGAL GOVERNMENT

SHRI SUKOMAL SEN (West Bengal): Sir, a Judge of the Calcutta High Court issued a Press statement calling the West Bengal Government a hypocrite. *(Interruptions)* I want to know whether a High Court Judge can indulge in politics like this. Will the Law Minister make a statement on this and.. .. *(Interrupt tions)*

*Not recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, this cannot be raised like this. You should have taken permission for that. *(Interruptions)*

SHRI RAMESHWAR SINGH:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please don't record him. *(Interruptions)*

PROF. SOURENDRA BHATTACHARJEE (West Bengal): Sir, I have to bring a serious matter to the notice of the...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: If it was a serious matter you should have taken my permission earlier. From this it appears that it is not a serious matter. You Should have written to me. *(Interruptions)* You give notice. I will consider it. *(Interruptions)* Whatever you want, you give notice in proper form. *(Interruptions)* Mr. Mathur, please. *(Interruptions)*

SHRI RAMESHWAR SINGH:*

MR. DEPUTY CHAIRMAN; Don't record Mr. Rameshwar Singh. *(Interruptions)* Mr. Mathur. Calling Attention, *(Interruptions)*

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPOR-. TANCE

Reported increasing cases of forgeries in Banks and recent unearthing at different places of a racket involving transference of black money amounting to several crores of rupees through Bank demand drafts

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : श्री मान, बैंकों में जालसाजी के बढ़ते हुए मामलों तथा विभिन्न स्थानों पर बैंक डिमांड ड्राफ्टों के जरिये कई करोड़ रुपए के काले धन के अन्तरण संबंधी घोटाले का हाल में पता लगाये जाने के समाचार और इस संबंध में सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही की ओर मैं वित्त मंत्री का ध्यान दिलाता हूं ।

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI IA-NARDHANA POOIARY); Sir, information was received that some shroffs at Bombay under the cover of discounting bank drafts were indulging in helping transfer of unaccounted sale proceeds of goods. In pursuance of this information, the searches were conducted on 25th July, 1983 covering 19 premises at Bombay. The premises of some bank$_s$ were also covered. The searches resulted in seizure of cash/bank draft$_s$ of Rs. 32.05 lakhs and bank accounts with balance$_s$ of Rs. 18.49 lakhs were frozen. It is believed that about 100 to 150 shroffs are doing this business in Bombay and their daily turn over ranges between Rs. 50,000 to Rs. 5 lakhs. Taking an average figure of Rs. 1 lakh per shroff the total drafts discounted would amount to Rs. 10 cro-Tes per week approximately.

Similar searches had been conducted by the Department earlier o$_n$ 7.5.79, 13.9.82 and 21.3.83 also i$_n$ which cash/drafts of Rs. 19.04 lakhs, Rs. 37.02 lakhs and Rs. 21.4 lakhs respectively were seized.

In the first search, the drafts were seized only afier they had been cleared but in subsequent searches the Department had sei/ed them before they could be sent for clearing. A number of shroffs had already offered to be assessed o$_n$ the amounts of drafts including estimated commission earned o,n entire business. The Department i$_s$ collecting tfce original draft applications, the, account opening forms and other evidence for completing the assessments in these cases.

As regards cases of forgery in banks, some cases have come to notice. The Finance Minisler had taken a meeting of the Chief Executives of the Public Sectgr Banks on the 14th April, 1983. At the meeting, the banking developments with particular reference to the need for improving the image of the banking system arid appropriately dealing with the complaints about poor service, prevalence of corruption/malpractices in banks and increasing incidence of frauds were considered at length. Banks were specifically advised to review and revamp the vigilance machinery, take urgent steps t« tone up control and supervision, strengthen management information system, follow-up and inspection/audit arrangements and draw up a time-bound programme fo$_r$ clearing the arrears and balancing of books and reconciliation of inter-branch and other accounts. The Reserve Bank also have issued detailed instructions inviting the attention of the banks to areas and problems which require their immediate attention.

The Reserve Bank of India has set up a special cell to look into serious complaints [an]d cases of corruption of fraud which have inter-State or wider remifica-tions. The banks have also strengthened their vigilance machinery and have arrangements for deputing officers on ' the spot for paying special attention to cases of corruption and other complaints.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : वक्तव्य एक घिसा-पिटा-सा वक्तव्य है जो लोक सभा में दिया जा चुका है। यह वही है। इस में कहा गया है कि सम केसेज हैव कम टु नोटिस । मैं वित्त मंत्री महोदय का ध्यान सिंडीकेट बैंक की ओर दिलाना चाहता हूं। उन्होंने पढ़ा भी होगा--सन्डे नाम का अखबार है उसमें यह सारा घोटाला छपा है और स्वयं इस वक्तव्य में स्वी-कार किया गया है कि बैंकिंग सिस्टम पर से लोगों का विश्वास घट गया है और प्रयत्न किया जाएगा कि किसी प्रकार से बैंकों के कार्य में लोगों की आस्था फिर से स्थापित हो। आस्था क्यों डिग रही है इस का एक उदाहरण भी आप ने दिया है। लेकिन सब से बड़ा उदाहरण सिंडीकेट बैंक का है जिस के डिटेल में मैं नहीं जाऊंगा । वहां के चेयरमैन के खिलाफ सी बी आई ने कार्यवाही की है और वह कार्यवाही अभी पूरी हुई भी नहीं है। तो मैं जानना चाहूंगा कि सिंडीकेट बैंक जिस के चेयरमैन के और अधिकारियों के खिलाफ सी बी आई

की कार्यवाही हुई है, जिस के डिटेल यहां दिये हुए हैं, करोड़ों का मामला है तो क्या सरकार इस नीति को नहीं अपनायेगी कि बड़े अफसर और छोटे क्लर्क समान होंगे और उन सब पर कार्यवाही की जायेगी। मैं मांग करता हूं और माननीय मंत्री से चाहूंगा कि सिंडीकेट बैंक के जो मिस्टर रघुपति हैं उन को अभी तक सस्पेंड क्यों नहीं किया गया? उन को हटाया क्यों नहीं गया जब तक कार्यवाही पूरी नहीं हो जाती? इतनी बात मैं इस विषय में जरूर कहना चाहूंगा कि उन को हटाया जाना चाहिए और सिंडीकेट बैंक को सारी कार्यवाही उन को मालूम होगी।

जो घोटाले हो रहे हैं वह बैंकों में प्राय: तीन प्रकार के हैं। पहले कि वे जो बैंक के कर्मचारियों की सहायता के बिना बाहर के आदमी करते हैं। दूसरे वे हैं जिन में कोई बाहर का आदमी होता है और कोई बैंक का कर्मचारी होता है और तीसरे वे हैं कि जिन को केवल बैंक के कर्मचारी ही करते हैं। पहले, बंबई के संबंध में जहां तक काले धन को वापस लेने की कार्यवाही हो रही है, उस में आप ने कार्यवाही की है। मैं उस का स्वागत करता हूं। लेकिन उस में एक बात रह गयी है। आपने आर्डर नहीं किये हैं, केवल घोषणा की है कि जो ड्राफ्ट बनेगा 5000 का या उससे ऊपर की रकम का उस में उस का एड्रेस आदि देना पड़ेगा अभी तक आप ने इस के लिए घोषणा की है लोकसभा में, लेकिन बैंकों के पास इंस्ट्रक्शन्स नहीं गये हैं इस को शीघ्र किया जाना चाहिए। लेकिन इस के साथ ही जो ऊपर की रकम के ड्राफ्ट हैं, 10 हजार के ऊपर के उन के लिए आप ने निश्चिय किया है जो कुछ मैं चाहूंगा कि आप स्पष्ट करें कि उस के अंदर कोई न कोई इंट्रोडक्शन देने वाला आदमी होना चाहिए जैसे किसी को बैंक एकाउन्ट खोलना होता है उस तरह से होना चाहिए। तो अगर यह इंस्ट्रक्शन हो जायेंगे तो ठीक होगा। मैं जानना चाहता हूं कि यह कब तक हो जायेगा और यह कब से लागू होगा? लेकिन यदि कोई बैंक में जा कर 9999 का ड्राफ्ट बनवा ले और ऐसे ही दस ड्राफ्ट बना ले तो क्या यह बात उस पर लागू होगी या नहीं। तो मेरा आग्रह है कि इस पर आप ध्यान दें। अगर कोई एक ही बैंक की डिफरेंट ब्रांचेस से 9999 रुपए के दस ड्राफ्ट बनवा लेता है और वह टोटल मिल कर 10 हजार से ज्यादा हो जाता है तो उस पर भी यह रिस्ट्रिक्शन लागू होना चाहिए। यह काले धन का धंधा है। इस को रोकना सरल नहीं है। इसलिए मैं इस बात को और ज्यादा लम्बा नहीं करता।

दूसरे तरह के घोटालों में बैंक के कर्मचारी मिले रहते हैं। इस में प्राय: दो प्रकार की चीजें होती हैं। एक तो यह कि मेरी कंपनी है और उस का बैंक में एकाउन्ट है। उन को मालूम होता है कि हमारा बैलेंस लाख से कम नहीं होता तो बैंक कर्मचारी क्या करते हैं एक दूसरी जिस कंपनी वाले से उन की दोस्ती है उस से मिल जाते हैं और यहां जो रुपया जाता है मेरा वह दूसरे के एकाउन्ट में जैसे 50 हजार रुपया गया तो उसे दूसरे एकाउन्ट में चढ़ा देते हैं और उससे दूसरी कंपनी को एडवांस कर देते हैं और दस दिन बाद वह पैसा फिर वापस आ जाता है। और रिवर्स इंट्री कर दी जाती है। वह पैसा हफ्ते दस दिन उपयोग कर लिया जाता है। अगर पता लग जाता है तो कह देते हैं कि गलती हो गयी और उस की रिवर्स इंट्री बीच में कर दी जाती है

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

इस चीज को आपको करना होगा।

दूसरे, इसमें जो गड़बड़ी हो रही है जिसको आपको रोकना होगा वह यह है कि दिल्ली में हजारों केसेज ऐसे हैं जहां पर कि क्लियरेंस क्रेडिट चैक पास कर दिये जाते हैं। जैसे आज शुक्रवार है, क्लियरेंस के लिए चैक भेजा गया, कल सेटरडे है, फिर सन्डे हो गया, छुट्टी हो गई और पैसा उसको दे दिया, चार दिन तक वह पैसा अपने पास रख लिया। मंडे या ट्यूजडे को जब चैक वापस आया तो कह दिया कि गलती हो गई तो मेरा आग्रह यह है कि क्या आप यह इंस्ट्रक्शन देंगे कि जब तक पूरा क्लियरेंस नहीं होता तब तक कोई क्रेडिट का पेमेंट नहीं होगा, इस घपले को रोकने के लिए?

तीसरी चीज मैं जो बताना चाहता हूं वह घपला जो बैंक के कर्मचारी करते हैं। दिल्ली में कई बैंक ऐसे हैं जहां ब्रांच मैनेजर घपला करते हैं। फिक्टीशस नाम से, लल्लू, कल्लू, मोटल्लू, मजीद हमीद नामों से, उनको लोन देते हैं रिक्शे का लोन या जो भी लोन मिलता है वह दे देते हैं। वह आदमी ऐक्जिस्ट नहीं करते और जब साल या 6 महीने में कोई पकड़ में नहीं आता तो कह देते हैं कि राइट आफ कर दिया जाए। इस तरह से वह पैसा राइट आफ हो जाता है। इसको रोकने के लिए आप क्या कार्यवाही कर रहे हैं, यह बतायें।

एक और चीज मैं बताना चाहता हूं, मेरे साथी नाराज न हों इसलिए मैं नाम नहीं लेता। यहां पर एक बैंक आफ इंडिया की राणा प्रताप बाग में ब्रांच है, उसमें नोटिस लगाया गया, उसमें लिखा गया कि ये ये लोन मिलेंगे बशर्ते कि अमुक अमुक लोकल एम० पी०, उनका नाम मैं नहीं लेना चाहता, की सिफारिश लेकर उस दिन तक अप्लीकेशन आ जाए। यह दूसरे प्रकार का फ्राड है कि बैंक के मैनेजर नोटिस लगाते हैं कि लोकसभा दिल्ली के जो मेम्बर हैं उनकी सिफारिश होगी तो इस तारीख तक लोन दे दिया जाएगा। यह दूसरे प्रकार का भ्रष्टाचार है, इस चीज को रोकने के लिए आप क्या कर रहे हैं?

मैं कुछ मोटे-मोटे प्रश्न आपके सामने रखना चाहता हूं। .....

श्री सत पाल मित्तल: क्या (पंजाब) एम० एल०ए० की सिफारिश से नहीं होता है?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: इसी वास्ते मैंने नाम नहीं लिया कि आप नाराज होंगे। वहां पर नोटिस लगा हुआ है कि यदि फलां फलां एम० पी० की सिफारिश होगी तो लोन दिया जाएगा। मैं आपकी बुराई नहीं कर रहा हूं, मैं बैंक वालों की कर रहा ... (**व्यवधान**)

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र): कहीं आपने झूठा नोटिस तो नहीं लगाया बैंक के सामने ... (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मैं आपसे बहस करने का आदी नहीं हूं शायद यह कला आप लोग सिखा सकते हैं, अपने बस का रोग नहीं है ... (**व्यवधान**) मैं आपकी ट्रेनिंग में आने के लिए तैयार हूं, बोलिए कब हाजिर होऊं?

श्री सत पाल मित्तल: आपकी कांस्टीट्यूयेंसी का मैनेजर है उसने आपका नाम नहीं लिया, दूसरे से क्या सिफारिश करवाते हैं, इसलिए आप कहते हैं .... (**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर: मैं आपका नहीं वित्त मंत्री जी का ध्यान इधर दिला रहा हूं, मैं उनसे पूछ रहा हूं। सिफारिश

हो बिल्कुल ठीक है, लेकिन इसके लिए नोटिस लगता है, उससे आपको वह बदनाम करते हैं ... (व्यवधान)

कुमारी सरोज खापर्डे : अगर यह खबर आपके घर आई है तो आपका फर्ज बनता है कि उस नोटिस को फाड़कर अपने पास रखना चाहिए था और सदन के सामने लाना था इस तरह का नाम लेकर आप अल्टीमेटली किसको बदनाम करना चाहते हैं।

DR. RAFIQ ZAKARIA (Maharashtra): Sir, I am on a point of order.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं तो बैंक का नाम बता रहा हूं ... (व्यवधान)

DR. RAFIQ ZAKARIA Mr. Deputy Chairman, Sir, my point of order is that according to the Rules of Business ... (*Interruptions*):

श्री शिव चन्द्र झा (बिहार) : कालिंग अटेंशन पर प्वाइंट आफ आर्डर एलाऊ करते हैं तो हम भी प्वाइंट आफ आर्डर उठायेंगे ।

श्री उपसभापति : आप तो बिना नियम के उठाते हैं ।

श्री शिव चन्द्र झा : कालिंग अटेंशन में ऐसा नहीं होता है । आप परम्परा को बिगाड़ रहे है ।

DR. RAFIQ ZAKARIA: Sir, my point of order is that this is a matter which we have been seeing since 12 o'clock. The way the things are going on in today's meeting of the Business Advisory Committee we will have to take a serious view of the whole thing. I do not think that anybody can conduct a certain business with certain Members shouting at the top of their vioce and trying to create a situation wherein it is doubtful whether this will remain really the Rajya Sabha. We have to seriously consider this matter. Sir, my point of order is that Mr. Mathur has made a reference to a particular document, a notice having been put up. I want to know whether according to the Rules it should not have been shown to the Presiding Officer. It is only after it had been shown to the Presiding Officer and the Presiding Officer was satisfied that he could refer to it. Now, Sir, it has been said from the other side how can it be done. I cannot understand that any manager in his senses would put up such a notice.

AN HON. MEMBER: Let him take the responsibility of what he is saying.

DR. RAFIQ ZAKARIA: Yes, Sir, let him take the responsibility of what he is saying. Not only that, Sir,. In such cases you will have to make the Member, who makes such kind of allegations, suffer some kind of consequences also. (*Interruptions*).

श्री जे० के० जैन (मध्य प्रदेश): हमेशा इस सदन में यह देखा गया है कि एक खास सदस्य इस तरह के झूठे और बेहूदा आरोप यहां लगाते हैं यह कह कर लगाते हैं कि मैं कुछ नहीं कह रहा हूं। इस तरह के आरोप लगाकर यह दुनिया भर की झूठी बातें, अनर्गल बातें यहां रिकार्ड में ले आते हैं। इन्टरनेशनल प्रेस यहां होता है। प्रेस में ये सारी बातें आ जाती हैं। झूठे आरोपों की यदि यह जिम्मेदारी नहीं लेते हैं तो आइन्दा इनके इस तरह के अनर्गल शब्द रिकार्ड में नहीं जाने चाहिए। मेरा आपसे निवेदन है कि आप इनको वार्निंग दीजिए कि ये झूठी बेबुनियाद बातें न करें । (व्यवधान)

कुमारी सरोज खापर्डे : हमेशा आप इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाते हैं और सरकार की गरिमा को गिराने की कोशिश करते हैं। आप जैसे सीनियर एम० पी० के लिए यह शोभा नहीं देता। (व्यवधान)

श्री जगदम्बी प्रसाद यादव (बिहार): माननीय सदस्य ने जो अनर्गल और बेहूदा

[श्री जगदम्बी प्रसाद यादव]

शब्द का इस्तेमाल किया है अगर ये पार्लियामेंट के रिकार्ड में लिये जायेंगे तो दूसरे सदस्यों को भी ये शब्द कहने का मौका मिल जायेगा (व्यवधान)

SHRI MANUBHAI PATEL (Gujarat): Sir, my point of order is regarding the procedure.

MX. DEPUTY CHAIRMAN: Let that point of order be over.

SHRI MANUBHAI PATEL; I am on that itself *(Interruptions)*. Sir, my very objection is to the Yery procedure you are allowing. Sir, it is Calling Attention and when he ha$ already moved *it.,* it is first the Minister who has to reply to it.

Thereafter, if the other hon. Members want to ask questions, they can ask according to their turns. They can do it. But now they are discussing it between themselves as if the Chair is absent. And Sir..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: At least you are seeing the Chair. *(Interruptions)-*

SHRI MANUBHAI PATEL: One point raised by Mr. Zafcaria is practically amounting to defame the Members on the opposite side for the wrong procedure undertaken and then, Sir, at the top of it.. *(Interruptions)*. Let me finish. Then, Sir, at Che top of it Mr. Iain in Hindi alleges and uses the words which are unparliamentary which you have... *(Interruptions)*

Sir, I ask whether the word *"Jhootha"* -----

श्री जे० के० जैन : बेहूदा मैंने कहा है । बेहूदा शब्दों का इस्तेमाल मैंने किया है । झूठा मैंने... (व्यवधान)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I hare heard..

SHRI MANUBHAI PATEL: *'Jhootha'* word is unparliamentary, *#5j %7f(H* ^T

I sn<r fare *zm* sftfarx 1

You should control thi, type of wild allegation .. *(Interruptions)*.

श्री जे० के० जैन : उपसभापति महोदय, अगर झूठी बातें कही जाएंगी तो एक बार नहीं हजार बार कहेंगे । झूठी बातें नहीं कहेंगे... (व्यवधान)

SHRI MANUBHAI PATEL; What I want to say is, when the Member » speaking on his calling attention motion, can any other Member reply on behalf of the Minister? Secondly, while interrupting. M-Iain has used the word *'Jhootha'* and when I drew your attention..

SHRI J. K. IAIN: What is the full sentence?

SHRI MANUBHAI PATEL; Please. please. I am on my legs.. *(Interruptions)*. You cannot cow down everybody..

SHRI J. K. IAIN: You mean, you will go on saying anything you want?

SHRI MANUBHAI PATEL; You sit down, when I am on my legs. t

SHRI I. K.(TAIN: You sit down..-. *(Interruptions)*.

SHRI MANUBHAI PATEL; I $_{a}$m *>t afraid; you cannot take us... *(Interruptions)*. Is it the way?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: May I request the hon. Members.. *(Interruptions)* .

SHRI MANUBHAI PATEL : Why should he* me like this? Is he the custodian of the House?

MR. DEPUTY CHAIRMAN; Please don't get agitated. " *

SHRI MANUBHAI PATEL: And o» top of it, he is* as if he is conducting the party. I am not under his obligations..

MR.^DEPUTY CHAIRMAN: Please don't lose your temper and don't get agitated on any matter. It is usual some of the Members speak on top of their TOice; some others cam make very forceful arguments while speaking in low voice. It differs from person to person. What can I do.

*Expunged a$_{s}$ ordered by the Chair.

Now, may I request the hon. Members to- resume their seats? A point of order ha* been raised about Mr. Jain's observation*. I think, Mr. Patel, yon will appreciate the difference. The sentence that Mr. Jain used, I doirt think it is unparliamentary.

SHRI MANUBHAI PATEL: What was that sentence? Did yon hear?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have heard it; you will see it.

SHRI MANUBHAI PATEL: If I say *'Jhoofhcf....*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You sa* *the* record*. If he alleges some inch word against a person, then it become enpar-diamcntary.

SHRI MANUBHAI PATEL; He has said it.

MR. DEPUTY CHAmMAWPHe said about certain statement as not being correct, as false. He has saffl ft "about the statement. That would is there. But it is not against any person.

So far a* the point raised by Dr. Zakaria is concerned, I would like to impress upon Shri Mathur, please don't ■ame the House also, and I think you take the full responsibility for whatever allegations you are making. And if they are wrong, you will have to face whatever saay be *the* consequence.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : श्रीमन्, मैंने सिर्फ यह कहा है... **(व्यवधान)**

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You don't ■ame the House also.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मैं किसी का नाम नहीं ले रहा हूं । मैंने यह कहा है कि उसकी एक फोटोस्टेट कापी अखबारों में छपी है । मैंने किसी पार्टी का नाम नहीं लिया है ... (व्यवधान) ।

कुमारी सरोज खापर्डे : माननीय सदस्य से मैं यह रिक्वेस्ट करूंगी कि जिस चीज की कापी अखबारों में छपी है उस अखबार की कापी क्या वे सदन में ला सकते हैं ?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : जरूर लेकिन चूंकि कागज सदन की टेबल पर रखने का रिवाज नहीं है, इसलिए मैंने नहीं रखा है... **(व्यवधान)**

श्री उपसभापति : अब आप सवाल पूछिये ।

DR. RAFIQ ZAKARIA: Let him proceed now and put hi, qucations.

कुमारी सरोज खापर्डे : मैं आपसे यह कहना चाहूंगी कि... **(व्यवधान)** ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : आप यहां क्यों नरु रही हैं । मैं फिर यह निवेदन करना चाहता हूं कि मैंने यह पूछा है कि जो बातें अखबारों में छपी हैं, क्या आप उसकी जांच करेंगे और यह देखेंगे कि इस प्रकार के नोटिस नहीं लगने चाहिए ? ... **(व्यवधान)** ।

श्री जे० के० जैन : आपको शर्म आनी चाहिए... **(व्यवधान)**

श्री मनुभाई पटेल : फिर * कर रहे हैं ... **(व्यवधान)** । * आदमी हैं ... **(व्यवधान)** ।

श्री सतपाल मित्तल : श्री मनुभाई, आप बहुत ही माननीय सदस्य हैं । यह नहीं हो सकता है । आपने अभी एक शब्द इस्तेमाल किया है...

SHRI SAT PAUL MIITAL: I *ohifpt* to his expression, Sir.

♦Expunged as ordered by the Oeur

SHRI MANUBHAI PATEL: Please control him.

श्री उपसभापति : आप बैठ जाइये, म देखूंगा ।

श्री सतपाल मित्तल : देखिये यह ठीक नहीं है ।

श्री मनुभाई पटेल : मित्तल साहब आपने उनकी बात सुनी नहीं । वे हमको कहते हैं कि आपको शर्म आनी चाहिए । अब बात तो खत्म हो गई है तो व्हाई शुड ही... **(व्यवधान)**... बात खत्म हो गई ।

Why should he say like that? Should I take it lying down?

श्री सतपाल मित्तल : आपने गलत बात कही है.. **(व्यवधान)**...

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : एक मिनट, मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। श्रीमन्, सदन की यह परम्परा रही है कि ...

श्री उपसभापति : छोड़िये इसको ।

श्री रामेश्वर सिंह : कोई अगर किसी का नाम भी लेता है, बहुत से मुख्य मंत्रियों के यहां नाम लिये गये...

श्री उपसभापति : अब आप बैठ जाइये । आप दूसरा नाम मत लीजिये ।

श्री रामेश्वर सिंह : यहां नाम पर आपत्ति नहीं होती । यह सदन जो है वह सही बात कहने के लिये है । इस सदन में हम आये हैं, सही बात कहने के लिये आये हैं । हो सकता है कि इससे किसी की भावना को ठेस पहुंचे। लेकिन हमको सही बात कहने में संकोच नहीं करना चाहिए ।

श्री उपसभापति : ठीक है ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर :: जितनी बैंकों को वर्किंग है, उसकी रिजर्व बैंक जांच करता है । होता क्या है, जो बड़ी बड़ी ब्रांचेज हैं, उनका तीन साल में एक बार होता है या मुख्य जो कार्यालय हैं उनका साल भर में एक बार होता है । लेकिन रिजर्व बैंक, जो छोटी शाखायें हैं, उनका कभी आडिट देख नहीं पाता जैसे मैंने घपला बताया, लोन दे दिया, वापस ले लिया, यह जो ये शाखायें हैं इनमें अधिक है । दूसरी तकनीक क्या होती है कि जो आडिट के लिये रिजर्व बैंक से लोग आते हैं, वे चार्टर्ड एकाउन्टेंट होते हैं They are not wellversed in bank accounting. बैंक एकाउन्ट्स के बारे में उनकी जानकारी नहीं होती । उनको सरकार दो-तीन हजार रुपये देती है और वे जल्दी जल्दी करके भाग जाते हैं और इस तरह घपले पकड़ में नहीं आते । मेरा पूछना यह है कि यह जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स हैं, तो क्या सरकार इस बात पर विचार करेगी कि जो बैंकिंग सिस्टम है उसके अन्दर आडिटर्स को जानकारी दी जाये और वे विशेष रूप से इसकी शिक्षा ले ताकि जब वे चेकिंग करें तो सारे घपले पकड़ में आ सकें ।

दूसरा जो पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी है, उसके अधीन बैंक घोटालों की जांच नहीं है । क्योंकि बैंक भी नेशनलाइज्ड हैं, वे हमारी सरकार और सदन के अधीन हैं, इसलिये मेरा निवेदन यह होगा कि क्या मंत्री महोदय इस बात पर विचार करेंगे कि बैंकों के जो घोटाले हैं, उनकी जांच भी पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी के अधीन हो । तीसरा जो छोटे कर्मचारी गड़बड़ करते हैं, उस में एक और कारण भी है कि बैंक में, आपको और सदन के बहुत से मित्रों

को जानकारी होगी और बहुतों को नहीं भी होगी, जैसे और सरकारी कर्मचारियों की कान्फिडेंसियल रिपोर्ट लिखी जाती है, लेकिन बैंक कर्मचारियों की कान्फिडेंसियल रिपोर्ट लिखी नहीं जाती । इसलिये जो बैंक मैनेजर हैं, वे कुछ नहीं कर सकते, जब तक कि उनके हाथ में उनकी कोई नब्ज न हो । मेरा निवेदन यह है कि क्या वित्त मंत्री महोदय इस बात पर विचार करेंगे कि बैंक के अन्दर भी जो कान्फिडेंसियल रिपोर्ट है, वह लिखने की पद्धति अपनाई जाये । दूसरा जो बैंक के मैनेजर हैं, ब्रांच मैनेजर हैं उनको काम से काम इतना अधिकार होना चाहिए कि अगर किसी कर्मचारी की गड़बड़ी या बेईमानी हाथ में आती हो तो उसको स्सपेंड किया जा सके । लेकिन महीनों, वर्ष लग जाते हैं और कोई काम नहीं होता ।

मैं मंत्री महोदय से यह जानकारी भी चाहूंगा कि रिजर्व बैंक की जो रिपोर्ट पब्लिश होती है उस रिपोर्ट में, मुझे यह जानकारी दीजियेगा कि ऐसे कितने मामले हैं, जिन मामलों में सीधे कर्मचारियों ने बेईमानी की है और उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है ? आज, म समझता हूं कि आप सारी रिपोर्ट दे नहीं सकते ...

श्री उपसभापति : बहुत बड़ी हो जायेगी ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यह बिल्कुल सच बात है, नहीं दे सकते हैं। लेकिन इसको समय समय पर कम से कम एक वर्ष के अन्दर यह होना चाहिए कि कौन कौन से घपले कैसे-कैसे हुए हैं और उसकी सत्यता के आधार पर निष्कर्ष निकाल कर एक पालिसी का निर्धारण किया जाना चाहिए ।

SHRI JANARDHANA POOJARY; Sir, at the very outset, I appeal to all the senior Members of this House to seriously discuss this issue i_a this House in fact, this has to be discussed in an atmosphere of colODess. Otherwise, we will not be in a position to have any effective discussion. Sir, we share the concern of the hon. Members regarding the increase in the cases of frauds in the banks and also the channel ling of black money through bank drafts. Some of the employees are black sheep in the banking industry also who are invol ved in this type of fraud. We have iden tified the areas. The hon. Finance Minis ter has called the meeting of the chief executives. He has also discussed the matter with the Reserve Bank Governor. He has suggested the correc tive $measure_s$ to the banking people. So, the Government is very keen to curb the activities which are not above Board and the Government is going to deal with the persons who are indulging in bank fraud, particularly in this in stant case also.

Hon. Member ha_s raised some of the questions and he has also suggested some of the measures. I am grateful to the hon. Member for having suggested some of the meaures and, in fact, we have no'ed them and we will keep them in mind while taking action in the matter.

Apart from this, in order to curb the activities that he has stated, in the main reply itself we have said that we are going to set up some of the advisory Committees at block level. These block level advisory committee are going to be set up to find out the malpractices and also to suggest corrective measures. On 3rd August 1983, the Finance Minister has written to the Chief Ministers to set up advisory committees at block level and these committees wil' have three $non\text{-}official_s$ also. *(Interruptions)* I am just coming to that. Particularly, we want *to* have the coope-ra'ion from the public, from .he peopie at large from the responsible persons in the society who $ca_{,n}$ look into these corrupt practices, malpractices. So, we are not going 'o give a blanket reply that all is well in the banking sector. 'We admit that there are malpractices. We are not going to defend any employee. On the contrary I myself h; ve paid surprise visits to 200 branches and also various

u

this country. If we take any hasty step, there will be repercussions. Anyway, it is under active consideration of the Government as to what action has to be taken. We are not going to shield anybody. That assurance I can give to the hon Member,

LSnn Janarduana Foojaryj LIC and General Insurance branches, and the hon. member is correct in saying that there is increase in the cases of frauds. When I went there, I personally came to know from the ledgers that some of the inter-branch reconciliation was pending since the year 1973. In some of lie branches the current account balancing and also the savings bank balancing was pending since 1978 or 1979. In some of the branches this has been pending since 1980 and 1981. That is why we called the meeting of the chief executives. We have told them in clearer terms that they should pay surprise visits. The chief executives were not expected to go abroad, they were expected to pay surprise vists even to the banks which are inside our country. They have also to pay surprise visits to rural area, branches in order to find out the deficiency in the banking system. So, all the meaures have been taken and corrective measures have been suggested. We are not complacent and we fully share the concern of the hon. member. On the contrary, we require assistance. You dave brought to the notice of the Government one instance. If you kindly give the tetails of any other cases, we would cer-ainly look into them.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : अगर आप हिन्दी जानते हैं तो .... He has said that the Government is pro-losing to have advisory committees at •lock level. If he can possibly tell us as o what is the authority because it may ot only poliucalise the thing but it may lso add to corruption if (he Advisory Committees do not work in a proper man-er.

Secondly, he has not said anything about tfr. Raghupafi, the Chairman of the yndicate Bank who ha, been raided by ie CBI and he is still not under suspen-ion. What about him?

SHRI JANARDHANA POOJARY: here also, investigation is being conduc-d by the CBI. Now something has been lund out there in his premises. That has »me in the papers a"so and I do not want p go into details about it The Govern-ent is very serious about it also and tt«r completion of the investigation... as ra know Sir, there is judiciary also in

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (बिहार) : उपसभापति महोदय, अभी जो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हम सदन में बहस कर रहे हैं, उस सम्बन्ध में मेरी प्रार्थना यह होगी कि मैंने एक बार वित्त मंत्री जी से प्रश्न किया था और वह कुछ निजी बैंकों की गड़बड़ी के बारे में जब मैंने प्रश्न किया तो उसका उत्तर आया कि यह बैंक प्रणाली के नियम में सन्निहित है कि इन बातों को लोकहित में प्रकाशित करना उचित नहीं है। जब बैंक में पूंजी जनता की है, हम बैंकों में अपनी पूंजी जमा कराते हैं और सरकार के नियमों के अनुसार बैंक में से वे लोगों को कर्जा या रोजगार के लिए पूंजी देते हैं तो जनता की पूंजी आप कम दर पर, सूद पर लेते हैं और अधिक सूद पर देते हैं फिर भी आप मुझको नहीं बताते हैं कि आप जो रुपया दे रहे हैं वह जायज दे रहे हैं, नाजायज दे रहे हैं? आप कहते हैं कि यह गोपनीय है।

मुझे एक लक्ष्मी कामार्शियल बैंक का ख्याल है उसके बारे में रिजर्व बैंक के द्वारा बताया गया कि रिजर्व बैंक ने अपनी जांच के दौरान कुछ त्रुटियां पायीं और उनको इस सम्बन्ध में सुधार के लिए कहा गया। लेकिन जब मैंने फिर प्रश्न किया कि रिजर्व बैंक ने जांच में क्या-क्या त्रुटियां पायीं थीं और अब तक क्या सुधार हुआ तो कहा गया कि लोकहित में उन त्रुटियों को बताना ठीक नहीं है। अब यह लोकहित हिन्दुस्तान में क्या चलाया है कि यह लोकहित तो लोकहित को ही काट रहा है। लोकहित के नाम पर लोकहित का बलिदान हो रहा है। अब व्यापारी के बारे में प्रश्न पूछा कि

अमुक-अमुक व्यापारियों को बैंक से कितना-कितना कर्जा दिया गया और किन-किन बैंकों से लिया तथा किस काम के लिए लिया और उसने जिस काम के लिए लिया था क्या उसने उस काम में वह पैसा इस्तेमाल किया या नहीं? तो जवाब आया कि बैंक की गोपनीय प्रणाली के मुताबिक इन बातों को प्रकाशित नहीं किया जा सकता है।

तो मैं मंत्री महोदय से यह कहना चाहता हूं कि अगर आप बैंकों के घोटाले गोलमाल को देखना चाहते हो तो ये, नियम ही आपके इन घोटालों और गोलमाल पर पर्दा डालते हैं। हमारे बिहार में भी मोतिहारी जिले का सवाल आया, अखबार में भी प्रकाशित हुआ कि उसमें कि कई एक हजार पम्प सेट हरिजनों को देने के नाम पर बैंक वालों ने रुपया दे दिया, हरिजनों के नाम पर बांट दिया और जब इसकी इन्क्वायरी की गयी तो एक भी पम्पिंग सेट किसी हरिजन के घर पर नहीं पाया गया। पूरी इंडिया पम्पिंग सेट कम्पनी ही फोर्ज्ड थी, जिन आदमियों को दिये गये, वे भी जाली थे, दस्तखत करने वाले जाली थे, लेने वाले जाली थे, देने वाले जाली थे और बैंक से निकल गया कई लाख रुपया और आज तक एक भी आदमी उसमें गिरफ्तार नहीं हो पाया। यह मेरे बिहार का मामला है। यह भी मैं सरकार से जानना चाहता हूं।

सरकार ने बम्बई में एक सौ डेढ़ सौ सर्राफ के बारे में अनुमान किया है। ये अनुमान करते हैं कि बम्बई में एक या डेढ़ सौ सर्राफ धंधा करते हैं। मैं सरकार से जानना चाहता हूं कि क्या यह बात सही है कि जो एक या डेढ़ सौ आदमी इस धन्धे में लगे हुए हैं उनमें से कुछ के घरों पर आपने छापामारी कराई है? केवल संख्या बता दीजिए कि इन सौ डेढ़ सौ सर्राफों में से कितनों के घर पर छापामारी की गयी। कितनों के, बैंकों में जो एकाउंट्स हैं उनकी तलाशी ली गयी और फिर उनके घर से कागज पत्र बरामद हुए। यह कितनों का किया गया। क्या यह सही नहीं है कि उनमें कुछ ऐसे प्रभावशाली लोग हैं जिनके घरों पर छापामारी नहीं की जाती है? छोटे-छोटे घरों पर छापामारी की जाती है ताकि बड़ी मुर्गी स्वयं डर से अंडा दे दे और वह कहीं न कहीं किसी न किसी रूप में सरकार की टोकरी में जमा हो

1 P.M जाये। तो क्या यह भी इस में हुआ है या नहीं? यह भी मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं, पूरा-पूरा बताइये। आप ने कहा कि 14 अप्रैल, 1983 को एक बैठक आप ने बुलाई थी बैंक के बड़े-बड़े अधिकारियों की। उस बैठक में जो तय किया था उसके मुताबिक क्या-क्या अब तक नीति निर्धारित किया और कौन-कौन सी कार्यवाही करने का आप ने फैसला लिया है? जो कुछ भी आपने फैसला लिया है कृपा कर के बतायें। केवल मीटिंग करने से कुछ नहीं होगा। आप ने इस सम्बन्ध में क्या निर्देश जारी किय हैं वह भी मुझ को बताने की कृपा करिये। सब से आश्चर्य मुझे तब हुआ जब मैंने यह प्रश्न किया था कि बिहार में किसानों को जो कर्जा दिया जाता है बोरिंग पम्पसेट के लिए ओपिन मार्केट में पाइप 18 रुपये के भाव और बैंक भुगतान कर रही है 26 रुपये के भाव से; ओपिन मार्केट में पम्पसेट 4 हजार का और बैंक भुगतान कर रहा है 5500 के भाव से। जब मैंने यह प्रश्न पूछा तो उत्तर दिया गया कि रिजर्व बैंक को इस की जानकारी नहीं है कि इन चीजों की खुले बाजार में क्या कीमत है। मुझको इस शताब्दी की सब से झूठी बात यही समझ में आयी। रिजर्व बैंक की बुलेटिन से होलसेल प्राइस, रिटेल प्राइस

[श्री हुक्मदेव नारायण यादव]

लोग पढ़ा करते हैं। तो रिजर्व बैंक जो बुलेटिन होलसेल प्राइस की, रिटेल प्राइस की निकालती है उसे इन चीजों की बाजार में क्या कीमत है पता नहीं होगी तो इस का मतलब है कि रिजर्व बैंक जो प्राइस छापता है वह सब झूठी है क्यों कि उन को पता नहीं है। वह झूठी नहीं होगी तो जो उत्तर दिया गया वह झूठ है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि इस की मुस्तैदी से जांच कराई जाय। क्या सरकार इस बात की व्यवस्था करेगी, जांच समिति बनायेगी या संसदीय समिति बनायेगी, लेखा-जोखा की जांच करने के लिए कोई संसदीय समिति बनायेगी जो इस बात की जांच करे कि बड़े-बड़े घराने उद्योगपति जो रुपये उद्योग को खड़ा करने के लिए लेते हैं उन रुपयों को दूसरे काम में खर्च नहीं करते? क्या यह जाल-साजी नहीं है? मैं समझता हूं कि इससे बड़ी जालसाजी नहीं होगी। अगर आप और जांच नहीं कराएं तब भी संसद भवन के सामने, विंडसर प्लेस पर जनपथ के सामने प्योर ड्रिंक्स के पांच-सितारा होटल के लिए रुपया कर्ज लिया गया 10 करोड़ 50 लाख। सारा सीमेंट, लोहा, आप ने दिया है। इस की जांच होनी चाहिए कि वह प्योर ड्रिंक्स वाले 10 करोड़ 50 लाख रुपया होटल को बनाने में लगाये हैं या उस से निजी सम्पत्ति अर्जित की है, मकान बनवाया है। उसी से एशो-आराम होगा, उसी से लिपिस्टक-पावडर लेंगे, सब उसी रुपये में से होगा।

श्री उपसभापति : आप कहां से कहां चले गये, अब आप समाप्त करिये।

श्री हुक्मदेव नारायण यादव : समाप्त कर रहा हूं। मैं कह रहा हूं कि यह सब से बड़ी जालसाजी है।

श्री उपसभापति : आप लोन की बात कर रहे हैं, यह लोन का सवाल नहीं है।

श्री हुक्म देव नारायण यादव : जालसाजी क्या है? मैंने बैंक से रुपया लिया कि जूट इंडस्ट्री बनाउंगा, लेकिन उस रुपये से दिल्ली में मकान अपना बना लिया। यह जालसाजी है या नहीं? बैंक के आदमी उस पर एडवांस करते चले जायं तो बैंक के आफीसर जालसाज हैं या नहीं आई० पी० सी०, सी० आर० पी० सी० में? मैं तो गांव का आदमी हूं, कम पढ़ा-लिखा हूं। आप बताइये। जिस काम के लिए रुपया लो उस काम में खर्च न हो, यही जालसाजी है। इसकी सरकार जांच करावे और बड़े-बड़े घरानों के जरिए जो जालसाजी का काम हो रहा है उसको रोके। मैं कहता हूं कि रिजर्व बैंक, बोर्ड आफ डायरेक्टर टैक्सेज सब मिल कर गड़बड़ करते हैं। गंगोत्री से ही गन्दगी निकल रही है तो छोटी नदियों को कौन साफ करे?

SHRI JANARDHANA POOJARY; Sir, I do not want to enlarge the scope of the Calling Attention. I will confine to the reported increasing cases of forgeries in banks and a racket involving transference of black money through bank demand drafts. So, I do not want to enlarge the scope of the discussion.

The hon. Member has brought to the notice some lapses on the part of the banks. If he has got any specific instances, he can bring them to the knowledge of the Government. Definitely we will look into them. And if there are people who are involved in this type of unlawful activities, definitely we will take against those people. That I assure him.

The hon. Member has asked for the number of premises that were raided. In the main reply we have given the details. Nineteen premises have been raided on the

25th of July, 1983, and all the details have been given in the main reply in the first para itself. The hon. Member may kindly go through it. I ca$_n$ assure the Member that so far the Government is concerned, there will not be any deficiency on the part of the Government to look into all the allegations that have been made. On the contrary the Government BS very serious to curb all these activities.

श्री उपसभापति : सदन की कार्यवाही अब 2 बज कर 5 मिनट तक के लिये स्थगित की जाती है।

The House then adjourned for lunch at seven minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at ten minutes past two of the clock, Mr. Deputy Chairman i$_n$ the Chair.

